# नीदरलैंड ने की डेयरी सेक्टर में सहयोग की पेशकश

## सीएम योगी आदित्यनाथ से नीदरलैंड के राजदूत मार्टेन वैन डेन बर्ग ने की शिष्टाचार भेंट

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत में नीदरलैंड के राजदूत मार्टेन वैन डेन बर्ग ने यूपी में डेयरी सेक्टर में सहयोग की पेशकश की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी निवास पर भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को डेयरी उद्योग में आधुनिक तकनीक की जानकारी देने के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी दिया है।

उन्होंने वर्ष 2019 की अपनी प्रदेश यात्रा का जिक्र करते हुए राज्य के तेजी से विकास के लिए प्रदेश सरकार की सराहना की। इस दौरान नीदरलैंड और भारत खासतौर पर उत्तर प्रदेश के बीच रिश्तों को और मजबूत करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी और

### किसानों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र खोलने का दिया प्रस्ताव

नीदरलैंड कई क्षेत्रों में मिलकर कार्य कर रहे हैं। इसके तहत प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही ठोस अपशिष्ट और जल प्रबंधन के क्षेत्रों में भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ पुष्प उत्पादन व डेयरी उद्योग में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किसानों की आय को दोगुना करने में मददगार सिद्ध होगा। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने राजदूत को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'एक जनपद, एक उत्पाद योजना' के बारे में बताया और उन्हें वाराणसी के गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद भेंट किए।



सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले नीदरलैंड के राजदूत मार्टेन वैन डेन बर्ग।